ज्ञापांक–1922/तक0

अग्निशमन सेवा मुख्यालय, झारखण्ड, राँची।

दिनांक–27वीं नवम्बर 2018

सेवा में

में0 आकाश इण्डिया प्रोजेक्ट्स एण्ड बिल्डर्स प्रा0 लि0,
पायल सिनेमा काप्लेक्स,
मानगो, जमशेदपुर।

विषयः– **मौजा–मानगो, प्लॉट नं0–683, खाता नं0–87, वार्ड नं0–09, थाना–16412, जमशेदपुर में प्रस्तावित व्यावसायिक भवन निर्माण हेतु अग्नि–सुरक्षात्मक सलाह।**

उपर्युक्त विषयक ऑन–लाईन भेजे गये प्लान के अनुसार प्रस्तावित भवन निर्माण हेतु प्रभारी अग्निशामालय पदाधिकारी, गोलमुरी, जमशेदपुर के माध्यम से प्रस्तावित स्थल का भौतिक निरीक्षण कराया गया। उन्होंने अपने ज्ञापांक–782 दिनांक–22.11.18 के माध्यम से समर्पित स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन एवं उसमें की गई अनुशंसा के आलोक में प्रस्तावित भवन हेतु निम्नांकित अग्नि–सुरक्षात्मक सलाह दिये जाते हैं :–

1. प्रस्तावित भवन के सामने वाले भाग में कम से कम एक लाख लीटर क्षमता वाले अंडरग्राउण्ड स्टैटिक वाटर टैंक का निर्माण कराया जाय।
2. किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में अंडरग्राडण्ड स्टैटिक वाटर टैंक से अग्निशमन वाहन को पानी लिये जाने हेतु Draw-Out Connection दिये जाने की व्यवस्था की जाय।
3. प्रस्तावित भवन में अग्निशमन कार्य हेतु बीस हजार लीटर क्षमता वाले टेरेस वाटर टैंक का निर्माण कराया जाय।
4. प्रस्तावित भवन के दोनों स्टेयरकेश लॉबी में टेरेस टैंक से जुड़ा हुआ एक–एक वेट राईजर का निर्माण कराया जाय, जिसमें प्रत्येक तलों पर 30-30 मी0 लम्बा होजरील होज, डिलिवरी आउटलेट तथा दो–दो अदद डिलिवरी होज एवं एक–एक अदद ब्रांच सहित एक–एक होज बॉक्स का संस्थापन कराया जाय।
5. प्रस्तावित भवन के बेसमेंट, सतही तल एवं प्रथम तल को पूरी तरह तथा आवासीय भाग के लॉबी में स्वचालित स्प्रिंकलर विथ अलार्म गौंग का संस्थापन कराया जाय।
6. प्रस्तावित भवन के सतही तल एवं प्रथम तल को पूरी तरह तथा आवासीय भाग के लॉबी में ऐड्रेसेबल टाईप डिटेक्शन एण्ड अलार्मिंग सिस्टम का संस्थापन कराया जाय।
7. सतही तल पर मुख्य प्रवेश द्वार के पास थ्रीवेज फायर सर्विस इनलेट का संस्थापन कराया जाय।
8. अग्निशमन कार्य हेतु एक पम्प हाउस का निर्माण कराया जाय, जिसमें 2280 Lpm क्षमता वाले फायर पम्प का संस्थापन कराया जाय।
9. समान क्षमता का एक अल्टरनेट पावर चालित पम्प आरक्षित अवस्था में रखा जाय।
10. 180 Lpm क्षमता वाले जॉकी पम्प लगाये जाने की व्यवस्था की जाय।
11. पम्पिंग सिस्टम पॉजिटिव सक्शन वाले रहेंगे तथा स्वचालित एवं स्वतंत्र विद्युत व्यवस्था से जोड़कर रखे जायेंगे।
12. प्रस्तावित भवन की विद्युत व्यवस्था किसी लाइसेंसी इलेक्ट्रीशियन से हीं कराया जाय।
13. भवन में प्रति 400 वर्गफीट अथवा उसके भाग के लिये कम से कम 06 Kg क्षमता वाले दो–दो अदद डी0सी0पी0 अग्निशमन यंत्र रखे जाने की व्यवस्था की जाय।
14. भवन के मुख्य स्टेयरकेश लॉबी में सतही तल एवं प्रथम तल पर 50 ली0 क्षमता वाले दो–दो अदद वाटर मिस्ट अग्निशमन यंत्र रखे जाने की व्यवस्था की जाय।

15. मेन इलेक्ट्रिकल स्वीच बोर्ड को Fire Supression System से सुरक्षित किया जाय।
16. प्रस्तावित भवन के किसी भी सेटबैक एरिया को किसी भी प्रकार से कभी भी बाधित नहीं किया जाय, ताकि अग्निशमन एवं बचाव कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। बिजली के मेन स्विच बोर्ड के पास 04.5 के0जी0 क्षमता के 02-02 अदद सी0ओ0टू0 तथा 06 के0जी0 क्षमता के 02-02 अदद डी0सी0पी0 अग्निशमन यंत्र रखे जाने की व्यवस्था की जाय।
17. प्रस्तावित भवन में Manually Operated Electronic Fire Alarm लगाये जाने की व्यवस्था की जाय, जिसका कॉल प्वाईंट प्रत्येक तल पर स्टेयरकेश लॉबी में हो। इसका हूटर इतना शक्तिशाली हो कि किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में इसकी आवाज पूरे भवन में स्पष्ट रूप से सुनाई दे।
18. प्रस्तावित भवन में मानक के अनुरूप तड़ित चालक लगाये जाने की व्यवस्था की जाय।
19. भवन को उपयोग में लाये जाने के पूर्व भवन में संस्थापित किये गये अग्नि–सुरक्षात्मक व्यवस्था का विस्तृत प्लान इस कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए जॉच प्रतिवेदन अवश्य प्राप्त कर लेंगे साथ हीं आवेदक अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने से पूर्व एक शपथ पत्र समर्पित करेंगे कि अग्निशमन सेवा मुख्यालय के द्वारा दिये गये सुझावों का अनुपालन पूरी तरह करा लिया गया है।
20. अग्नि–सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिये गये सुझावों के अनुपालन की जाँच इस कार्यालय से कराये जाने एवं जाँच में संतोषप्रद पाये जाने के पश्चात हीं अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत किया जा सकेगा।
21. प्रस्तावित भवन के किसी भी भाग में बाद में यदि Plan अथवा Nature Of Occupancy में बदलाव किया जाता है तो इस कार्यालय को सूचित करके Clearance अवश्य प्राप्त करेंगे।
22. राष्ट्रीय भवन संहिता भाग IV के नियम 6.1 & 6.4 में वर्णित सुरक्षा व्यवस्थाओं का दृढ़ता से अनुपालन किया जाय।

RAM KRISHNA THAKUR

Digitally signed by RAM KRISHNA THAKUR
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=835217, st=JHARKHAND, serialNumber=0d4b6c6bb1f88491027a4c64e9605c5e93ebbae15a4a6839d2aa85f8e9395d45, cn=RAM KRISHNA THAKUR
Date: 2018.11.27 15:02:33 +05'30'

(राम कृष्ण ठाकुर)
प्रभारी अपर राज्य अग्निशमन पदाधिकारी,
झारखण्ड, राँची।